# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 32** **अप्रैल-जून 2022**


**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**सुश्री रंजना झा**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री नाडिग विश्वास एच.एस.**

**संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**


---

## बूस्टर वैक्सीन शिविर

सीबीआईसी कर्नाटक आंचलिक सीआरटी अण्ड स्टाफ क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी ने दिनांक 19.04.2022 को एक और बूस्टर वैक्सीन शिविर का आयोजन किया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त श्रीमती रंजना झा ने केजेडआरटी प्रमुख व नासीन, बेंगलूरु के अपर महानिदेशक श्री नारायणस्वामी, एवं केंद्रीय कर दक्षिण आयुक्तालय के आयुक्त डॉ.अनिल के. निगम तथा श्री विजया बेल्लारी, अधीक्षक व सोसाइटी के अध्यक्ष की उपस्थिति में शिविर का उद्घाटन किया । इसमें लगभग 300 अधिकारियों ने भाग लिया ।





# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बेंगलूरु सीबीआईसी ने आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में दिनांक 21.06.2022 को 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग का एक संयुक्त सामूहिक प्रदर्शन का आयोजन किया । इसमें 1000 से अधिक अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया । सीबीआईसी के सदस्य श्री डी.पी. नागेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि का भार वहन किया । श्री नीलकंठ भानु प्रकाश, गणित के जादूगर विशिष्ट ने अतिथि के रूप में उपस्थित थे । इसी तरह के कार्यक्रम बेंगलूरु अंचल के मंगलूरु, मैसूरु और बेलगावी सीजीएसटी आयुक्तालयों में भी आयोजित किए गए थे ।














# जीएसटी दिवस 2022

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा दिनांक 01-07-2022 के अपराह्न 03:30 बजे कॉवेरी हॉल, केंद्रीय राजस्व भवन, क्वीन्स रोड, बेंगलूरु में जी.एस.टी. दिवस 2022 को धूमधाम से मनाया गया । अमागी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक श्रीमती श्रीविद्या श्रीनिवासन ने अतिथि का भार एवं अकादमी ऑफ क्रियेटिव टीचिंग, बेंगलूरु के अध्यक्ष व निदेशक डॉ.गुरुराज करजगी ने इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि का भार वहन किया । प्रधान मुख्य आयुक्त, आयकर (कनार्टक व गोवा क्षेत्र) श्री दिनेश चंद्र पटवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थें । केंद्रीय कर, कर्नाटक अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त सुश्री रंजना झा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की ।








मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्य का शुभारंभ किया । केंद्रीय कर कर्नाटक अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त सुश्री रंजना झा ने अपने परिचयात्मक टिप्पणी व अध्यक्षीय भाषण में जीएसटी दिवस का आरंभ से लेकर 5वें जीएसटी दिवस वर्ष गॉठ तक का घटनाक्रम और जीएसटी संग्रहण के बारे में बहुत विस्तृत रूप से अपने विचार प्रस्तुत किए । फिर, अमागी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक श्रीमती श्रीविद्या श्रीनिवासन ने अपने अतिथि भाषण में जीएसटी के बाद जो निर्धारितियों को प्राप्त स्वतंत्रता और सुविधा के बारे में बताईं । प्रधान मुख्य आयुक्त, आयकर (कनार्टक व गोवा क्षेत्र) श्री दिनेश चंद्र पटवारी अपने विशिष्ट अतिथि भाषण में देश के हित में कर संचय का महत्व के बारे में बताएं । अकादमी ऑफ क्रियेटिव टीचिंग, बेंगलूरु के अध्यक्ष व निदेशक डॉ.गुरुराज करजगी ने इस कार्यक्रम को सफल रूप से आयोजन के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं दी । तदुपरांत व्यापार क्षेत्र से ईकायों को और विभागीय अधिकारियों को प्रशंसा पत्रों से नवाज़ा गया । फिर, कन्नड़ गोत्तु प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए । मातृ एड्जुकेशनल ट्रस्ट के बच्चों द्वारा एक देशभक्ति गीत । तत्पश्चात् केंद्रीय कर, बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय के प्रधान आयुक्त श्री के.सी.जॉनी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय की उपायुक्त सुश्री नर्मता सिंह एवं सेसटैट, बेंगलूरु के उपायुक्त श्री निर्मल जॉय ने कार्यक्रम का संचालन किया ।








# हिंदी कार्यशाला

दिनांक 20.05.2022 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत संवर्ग 'क' अधिकारियों के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा बेबिनॉर के माध्यम से ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला का उद्घाटन केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की अपर आयुक्त सुश्री अर्चना नायक ने किया । पूर्वाह्न के दोनों सत्र में डी.आर.डी.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.एस.एन. महेश ने व्याख्यान दिया, जिन्होंने "*राजभाषा नीति* " पर प्रकाश डाला । तथा अपराह्न के दोनों सत्र में डी.आर.डी.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.जी.आर. चौधरी ने *"कंप्यूटरों पर हिंदी का प्रयोग तथा टिप्पण एवं आलेखन "* पर व्याख्यान दिया ।




इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**